# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 4.05.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

- **निर्वाचन आयोग सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ईसीआईएनईटी की करेगा शुरूआत , चुनाव संबंधी सभी सेवाएं एक जगह पर होंगी उपलब्ध।**
- **आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को लिखा पत्र, नाइजर में अगवा राज्य के पांच श्रमिकों की रिहाई के लिए हस्तक्षेप का आग्रह।**
- **मुंबई में चल रहे वेव्स सम्मेलन का आज होगा समापन, अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर सत्र और सांस्कृतिक कार्यक्रम।**
- **कड़ी सुरक्षा के बीच आज दो बजे से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी का आयोजन, देशभर में पांच हजार से अधिक केन्द्र बनाए गए।**
- **आज शाम खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 की बिहार के पटना में होगी शुरूआत, पहले दिन कबड्डी, जूडो, वॉलीबॉल, तीरदांजी समेत कई स्पर्धाएं ।**

*********************

निर्वाचन आयोग एक सिंगल–प्लेटफॉर्म एप ईसीआईएनईटी की शुरूआत करेगा, जो चुनाव संबंधी सभी सेवाओं को एक जगह पर उपलब्ध कराएगा। यह ऐप निर्वाचन आयोग की मौजूदा 40 से अधिक मोबाइल और वेब एप्लिकेशनों को एक साथ लायेगा। यह मतदाताओं, चुनाव अधिकारियों, राजनीतिक दलों और अन्य हितधारकों के लिए एक नया डिजिटल इंटरफ़ेस होगा। इससे उपयोगकर्ताओं को ढेर सारे ऐप डाउनलोड करने से राहत मिलेगी। यह ऐप डेस्कटॉप या स्मार्टफोन पर चुनाव संबधित जरुरी जानकारी उपलब्ध कराएगा।

*********************

आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर अफ्रीका के नाइजर में एक आतंकी समूह की ओर से अपहृत झारखंड के पांच श्रमिकों की रिहाई के लिए हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। पत्र में उन्होंने कहा है कि यह घटना न केवल इन नागरिकों और उनके परिवारों के लिए एक त्रासदी है, बल्कि यह विदेशों में कार्यरत भारतीयों की सुरक्षा के प्रश्न को भी उजागर करती है।

*********************

मुंबई में जारी वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट–वेव्स संपन्न हो रहा है। अंतिम दिन फिल्म निर्माण पर कुछ सत्र होंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। चार दिन के इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को किया था। कनेक्टिंग क्रियेटर्स कनेक्टिंग कंट्रीज टैगलाईन वाला यह शिखर सम्मेलन भारत को मीडिया, मनोरंजन और डिजिटल नवाचार के वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करने का प्रयास था। आयोजन में 90 से अधिक देशों के दस हजार से ज्यादा प्रतिनिधि शामिल हुए हैं।

*********************

जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में हुए हादसे पर प्रदेश की राजनीति गर्मा गई है।एक ओर सरकार ने मृतकों के आश्रितों को पांच –पांच लाख मुआवजा और घायलों को 50 हजार रूप्ये का मुआवजा देने की घोषणा की है साथ ही मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की बात कही। इधर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने दुर्घटनाओं के बाद जाँच के नाम पर खानापूर्ति कर चुप बैठने का आरोप लगाया। इधर झारखंड भाजपा अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल की घटना पर दुख व्यक्त किया है । सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा है जिला प्रशासन मृतकों के परिजनों और सभी घायलों को उचित मुआवजा प्रदान करे तथा इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कर हादसे के जिम्मेदार लोगों पर सख्त कारवाई करें.

*********************

आज देश भर में मेडिकल प्रवेश परीक्षा– नीट यूजी आयोजित की जा रही है। यह परीक्षा देश में पांच हज़ार से ज्यादा केंद्रों पर और विदेश में 13 शहरों में आयोजित की जा रही है। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक होगी।

*********************

रांची जिला के 22 परीक्षा केंद्रों में नीट की परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक निषेधाज्ञा प्रभावी रहेगी। इधर देवघर जिले में पांच केंद्रों बनाए गए हैं जहां 1 हजार 395 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। गिरिडीह जिले के तीन परीक्षा केंद्रों पर आज नीट यूजी की परीक्षा होगी। उपायुक्त नमन प्रेयश लकड़ा ने बताया कि इसमें एक हजार तीन सौ नौ परीक्षार्थी कड़ी सुरक्षा में परीक्षा देंगे।

*********************

गुमला जिले में महिला सशक्तिकरण और स्थानीय उद्यमिता को नई उड़ान देने की दिशा में उज्जना बिज्जना योजना शुरू की गई है।

*********************

लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र के तुरीसोत गांव में नक्सलियों ने कल रात जमकर उत्पात मचाया। नक्सलियों ने खनिज सर्वे करने वाली कंपनी सीएमपीडीआई के साइट पर धावा बोला और वहां खड़ी 8 गाड़ियों में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलने के बाद पलामू प्रमंडल के डीआईजी वाईएस रमेश और लातेहार एसपी कुमार गौरव ने घटनास्थल का मुआयना किया।पूरे इलाके की घेराबंदी कर अभियान भी चलाया जा रहा है।

********************

**भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखने लगा है । गिरिडीह नगर निगम के वार्ड 3, की महिलाएं आवास मिलने से बेहद खुश हैं। लाभुक महिलाओं ने जीवन में आए बदलाव के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताया।**

********************

साहिबगंज के सिद्धो–कान्हू सभागार में एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें कुल 15 निजी कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें से 8 कंपनियाँ साहेबगंज जिले से संबंधित थीं। इस दौरान कुल 820 रिक्तियों पर आवेदन आमंत्रित किए गए थे, जिसमें से 87 अभ्यर्थियों का चयन तथा 192 अभ्यर्थियों को शॉर्टलिस्ट किया गया।

********************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 87 हजार 300 रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख 1 हजार रुपये प्रति किलो है।

********************

खेलो इंडिया यूथ गेम्स की शुरूआत आज शाम बिहार की राजधानी पटना में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में एक भव्य समारोह के साथ होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया इसका उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो संदेश के माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित करेंगे। इसका प्रसारण दूरदर्शन स्पोर्ट्स और ओलंपिक वेब पोर्टल पर किया जाएगा।

********************

आईपीएल क्रिकेट में आज कोलकाता नाइट राइडर्स दोपहर साढे तीन बजे ईडन गार्डन्स में राजस्थान रॉयल्स से खेलेगी। जबकि शाम साढे सात बजे से धर्मशाला में पंजाब किंग्स का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

********************

पूर्वी राजस्थान से उठे साइक्लोनिक सर्कुलेशन का असर कई अन्य राज्यों समेत झारखंड में भी देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने राज्य के कई जिलों में तेज हवा के साथ भारी बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है ।

*******समाप्त************